<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–30 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश के सभी मंडलों में खोले जाएंगे स्पोर्टस कॉलेज। राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा।
- दो दिवसीय दौरे पर कल शाम वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री। विकास परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान बाढ़ पीड़ितों को राहत और किसानों को मुआवजा वितरित करने के दिए निर्देश।
- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए लॉन्च किया मोबाइल एप। परीक्षा से जुड़ी हर जानकारी अब मोबाइल फोन पर ही होगी उपलब्ध।
- बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के चलते कई नदियां उफान पर। प्रदेश के अट्ठारह जिले बाढ़ से प्रभावित। बाढ़ और बरसात को देखते हुए पीलीभीत में कक्षा आठ तक के सभी विद्यालयों में आज अवकाश घोषित।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर कल प्रदेश के सभी मण्डलों में एक स्पोर्ट्स कॉलेज खोलने की घोषणा की है। इन सभी स्पोर्ट्स कॉलेजों में पूर्व ओलम्पियन, कॉमनवेल्थ, एशियाड और नेशनल गेम्स के पदक विजेताओं को कोच बना कर नयी खेल प्रतिभाओं को तराशा जायेगा। खेल दिवस पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने के साथ सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया से फिट इंडिया मूवमेंट तक, सांसद और विधायक स्तर की प्रतियोगिताओं तक, देश में खेलों की एक नई क्रांति आई है।

***प्रधानमंत्री मोदी जी के आने के बाद देश के अंदर खेल और खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में एक नई मदद मिली। खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा रहा है। खेल की नई नीति को लागू कर दिया गया है। नए खिलाड़ियों को अब मंच मिलेंगे कोच मिलेंगे अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा और इसी को ध्यान में रख कर के प्रदेश सरकार ने भी तय किया। प्रदेश के अंदर हर कमिश्नरी में एक एक स्पोर्ट्स कॉलेज होना चाहिए।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रतापगढ़ में पांच सौ सत्तर करोड़ रुपये की एक सौ छियासी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार तुष्टिकरण की बजाय संतुष्टिकरण के माध्यम से सशक्तिकरण की तरफ बढ़ रही है। इसके चलते पिछले आठ वर्षों में छः करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकालने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने माफियाराज को खत्म कर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रतापगढ़ के किसानों की सराहना करते हुए कहा कि यहां का आंवला अब दुनिया भर में पहुंच रहा है।

***मां बेलादेवी की कृपा है कि जिस प्रतापगढ़ के बारे में कभी लोग कहते थे कि विकास नहीं हो सकता, उस प्रतापगढ़ में वन डिस्टिक, वन प्रोडक्ट में आंवला और आंवला का उत्पाद आज देश और दुनिया के कोने–कोने में पहुंच रहा है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर कल शाम वाराणसी पहुंचे। श्री योगी ने सर्किट हाउस में विकास परियाजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को प्राथमिकता पर राहत सामग्री उपलब्ध कराने और प्रभावित किसानों को शीघ्रता से मुआवजा वितरित करने के निर्देश दिये। एक रिपोर्ट.....

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के सर्किट हाउस में उन्होंने कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के साथ–साथ आगामी माह में मॉरीशस के प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे के संबंध में भी बैठक कर अधिकारियों से अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सारी तैयारी पूरी करने पर जोर दिया। उनके इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम भी संभावित है। मुख्यमंत्री ने दूसरी बार गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण प्रभावित हुए लोगों से राहत शिविर में जाकर उनका हाल चाल जाना और इस मौके पर उनको सहायता भी प्रदान की, और बाबा विश्वनाथ तथा कालभैरव का दर्शन पूजन किया। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी दौरे के दौरान कल सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में स्थित राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन के अन्तर्गत चल रहे संरक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की गति और तेज करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति की धरोहर इन पाण्डुलिपियों के संरक्षण के लिये प्रदेश सरकार हर सम्भव सहयोग देगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है तो उसमें उत्तर प्रदेश की व्यापक भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया

है और इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और निर्वाचन व्यवस्था का मजबूत होना ही इस दिशा में सबसे बड़ी गारंटी है।

***लोकतांत्रिक व्यवस्था अगर मजबूत है तो हर संस्था अपने आप ही संवेदनशील बनती है विकास के प्रति अग्रणी बनती है। आज के इस अवसर पे कार्य अत्यन्त ही महत्वपूर्ण कार्य है। एक दूर दर्शितापूर्ण कार्य है। भविष्य को देखने का कार्य है। क्योंकि हमारा भविष्य प्रधानमंत्री जी ने सुनिश्चित किया है कि 2047 तक आते–आते भारत विकसित भारत होगा। विकसित भारत के लिये विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया भी उतनी ही विकसित होनी चाहिये।***

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल राजभवन में सिविल न्यायाधीश जूनियर डिवीजन 2022 बैच के 70 नवनियुक्त प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीशों से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि न्यायपालिका का दायित्व केवल कानून की व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर संवेदनशील निर्णय लेना भी आवश्यक है।

**********

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग–यूपीएसएसएससी ने गूगल प्ले स्टोर पर नया एन्ड्रायड मोबाइल एप लांच किया है। यूपीएसएसएससी नाम के इस एप से अभ्यर्थी परीक्षा से जुड़ी हर जानकारी सीधे अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकेंगे। आयोग के अनुसार प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा छः और सात सितंबर को प्रदेश के अड़तालीस जिलों में दो पालियों में होगी। इस परीक्षा में पचीस लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। अब नये मोबाइल एप के माध्यम से अभ्यर्थी परीक्षा जनपद की सूचना, प्रवेश पत्र, परिणाम और अन्य जरूरी अपडेट सीधे अपने मोबाइल पर ही आसानी से देख सकेंगे। उधर, परिवहन निगम ने यूपीएसएसएससी की प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा में अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए ग्यारह हजार से अधिक बसें चलाने का निर्णय लिया है।

**********

लखनऊ के सौ पार्कों में साढ़े बारह करोड़ रूपये की लागत से ओपेन जिम स्थापित किये जायेंगे। इस परियोजना को पूरा करने के लिये हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड अपने सीएसआर फंड का उपयोग करेगी। इस पहल की शुरूआत कल लखनऊ नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित झण्डे वाला पार्क में हुयी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा, राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक नीरज सिंह मौजूद रहे।

**********

प्रदेश के कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। प्रदेश के अट्ठारह जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी के मुताबिक अब तक प्रदेश में एक हजार सात सौ छानबे बाढ़ चौकियां स्थापित की गईं हैं और एक हजार दो सौ तिहत्तर मेडिकल टीमों का गठन किया गया है। इस बीच, प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री के.पी. मलिक ने कल अमरोहा में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिये तत्परता से कार्य कर रही है। उधर बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण पीलीभीत में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। बाढ़ और बरसात को देखते हुए पीलीभीत के जिलाधिकारी ने आज कक्षा आठ तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है।

**********

बिहार के राजगीर में अयोजित एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता में भारत ने कल पहले दिन के मुकाबले में चीन को चार–तीन से पराजित कर दिया । भारत की तरफ से शानदार खेल दिखाते हुए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हैट्रिक लगाई।

**********